# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),

मकान नं०-1 व 2, निकट महिला आई०टी०आई० कालेज के सामने, गोरा बाजार, रायबरेली-229001

E-mail :- ee_kk_upjn.ra1@yahoo.com


डाउनलोड जल सारथी ऐप

पत्रांक : 1805 / M-20 / 104 दिनांक 11/08/26

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

विषय :– **ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 07.08.2026 के पेपर में प्रकाशित "बारिश से सड़कें क्षतिग्रस्त, राहगीर परेशान" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 07.08.2026 के पेपर में प्रकाशित "बारिश से सड़कें क्षतिग्रस्त, राहगीर परेशान" शीर्षक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसकी आख्या निम्नवत् है:–

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| नगर पंचायत परशदेपुर में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढों की भराई में लापरवाही सामने आई है। मानकों के अनुसार भराई न होने के कारण लगातार बारिश के बाद कई स्थानों पर मिट्टी धंसने लगी है, जिससे सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं और राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।<br>स्थानीय निवासी कमलेश मौर्य ने बताया कि गड्ढों की सही तरीके से भराई और दबाई नहीं की गई थी। इसके चलते बारिश का पानी अंदर जाने से मिट्टी कमजोर हो गई है। रामसेवक तिवारी ने कहा कि कुछ स्थानों पर सड़क की सतह काफी नीचे चली गई है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है।<br>राजेश कुमार, रामकुमार मौर्य और पप्पू मौर्य जैसे स्थानीय निवासियों ने जानकारी दी कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया है। हालांकि, अभी तक इन क्षतिग्रस्त स्थानों की स्थायी मरम्मत नहीं कराई गई है।<br>लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते इन धंसे हुए स्थानों की मरम्मत नहीं की गई, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन और जल जीवन मिशन विभाग से तत्काल निरीक्षण कर मजबूत भराई कराने और सड़कों की मरम्मत की मांग की है। | उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि ई–समाचार पत्र में प्रकाशित यह समाचार कि नगर पंचायत परशदेपुर क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने का कार्य कराया जा रहा है, तथ्यात्मक रूप से गलत एवं भ्रामक है। स्पष्ट किया जाता है कि नगर पंचायत परशदेपुर क्षेत्र में जल जीवन मिशन द्वारा कोई कार्य नही कराया जा रहा है एवं उक्त नगर पंचायत में कार्य सम्बन्धित उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), रायबरेली द्वारा कराए जा रहे है।<br>अतः प्रकाशित समाचार का खंडन किया जाता है। |

**संलग्नक–पेपर कटिंग**

भवदीय

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपराक्तानुसार।**

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेशित।**

1. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# परशदेपुर में जल जीवन मिशन के गड्ढे धंसे:बारिश से सड़कें क्षतिग्रस्त, राहगीर परेशान

रिंकू मिश्रा| परसदेपुर (सलोन), रायबरेली4 दिन पहले



नगर पंचायत परशदेपुर में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढों की भराई में लापरवाही सामने आई है। मानकों के अनुसार भराई न होने के कारण लगातार बारिश के बाद कई स्थानों पर मिट्टी धंसने लगी है, जिससे सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं और राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी कमलेश मौर्य ने बताया कि गड्ढों की सही तरीके से भराई और दबाई नहीं की गई थी। इसके चलते बारिश का पानी अंदर जाने से मिट्टी कमजोर हो गई है। रामसेवक तिवारी ने कहा कि कुछ स्थानों पर सड़क की सतह काफी नीचे चली गई है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है।

राजेश कुमार, रामकुमार मौर्य और पप्पू मौर्य जैसे स्थानीय निवासियों ने जानकारी दी कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया है। हालांकि, अभी तक इन क्षतिग्रस्त स्थानों की स्थायी मरम्मत नहीं कराई गई है।

लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते इन धंसे हुए स्थानों की मरम्मत नहीं की गई, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन और जल जीवन मिशन विभाग से तत्काल निरीक्षण कर मजबूत भराई कराने और सड़कों की मरम्मत की मांग की है।

Scanned with OKEN Scanner